संसद सदस्यों ने श्री मोरारजी देसाई को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 28 फरवरी, 2022: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज भारत के पूर्व प्रधान मंत्री, श्री मोरारजी देसाई की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

केंद्रीय राज्य मंत्री श्री वी. मुरलीधरन और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी इस अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

राज्य सभा के महासचिव श्री पीसी मोदी ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

श्री मोरारजी देसाई के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा ने संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में 15 दिसम्बर, 1995 को किया था।